संख्या–cm-444
26/12/2024

# मुख्यमंत्री ने 'प्रगति यात्रा' के दौरान सीतामढ़ी जिले के डुमरा प्रखंड के मनियारी में विकास कार्यों का लिया जायजा, जिले के लिए कई विकास कार्यों का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

- **रीगा चीनी मिल के पुनरुद्धार कार्य का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ**

पटना, 26 दिसम्बर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के प्रथम चरण के तीसरे दिन सीतामढ़ी जिले के रीगा चीनी मिल के पुनरुद्धार कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सीजन 2024–25 के लिए चीनी मिल संचालन का गन्ना का बंडल डालकर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रीगा चीनी मिल के संचालन कार्यों की जानकारी ली और मिल परिसर का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री को कार्यक्रम के दौरान प्रतीक चिह्न, अंगवस्त्र एवं फूलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने डुमरा प्रखंड के मनियारी गांव के विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से सीतामढ़ी जिले के लिए 236 करोड़ 60 लाख रुपये की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके तहत 141 करोड़ 12 लाख 92 हजार रुपये की योजनाओं का उद्घाटन तथा 95 करोड़ 47 लाख 78 हजार रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली अभियान के अंतर्गत निर्मित सतुआही पोखर, मनियारी (डुमरा में) नौका विहार तथा पोखर किनारे योग सह ध्यान केंद्र, खुला व्यायामशाला एवं बाल क्रीड़ा स्थल का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली अभियान का गुब्बारा उड़ाया। मुख्यमंत्री ने सतुआही पोखर में दो हंसों के जोड़ा को भी छोड़ा। योग सह ध्यान केंद्र का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने तालाब के निरीक्षण के दौरान कहा कि इसके चारों तरफ सीढ़ी बनाएं और बगल में सुरक्षात्मक घेरा बनाएं ताकि कोई तालाब में न गिरे। तालाब ऐसा बनाएं कि यह देखने में आकर्षक लगे और साथ ही यहां लोगों के घूमने एवं बैठने के लिए भी समुचित व्यवस्था हो।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने जीविका दीदियों को 36 करोड़ 57 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इस दौरान जीविका दीदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई थी जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि वर्ष 2006 में हमने जीविका की शुरुआत की। हमने इसे 'जीविका' नाम दिया और इससे जुड़नेवाली महिलाओं को 'जीविका दीदी' कहा। बाद में उस समय की केंद्र सरकार ने बिहार के जीविका के कार्यों की सराहना की और इसका अनुकरण करते हुए पूरे देश में 'आजीविका' नाम से इसे शुरू किया। जीविका दीदियों के हित के लिए हमने कई कार्य किए हैं। आपलोग इसे याद

रखिएगा। आपलोग बहुत अच्छा काम कर रही हैं, इसे देखकर मुझे काफी प्रसन्नता हो रही है। हम चाहते हैं कि आपलोग हमेशा आगे बढ़ते रहिए। मुख्यमंत्री ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मनरेगा, कृषि विभाग, जिला यक्ष्मा केंद्र, उद्योग विभाग, कुशल युवा कार्यक्रम, समेकित बाल विकास परियोजना आदि विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत जन्म देनेवाली माताओं को 2000 रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। ई–रिक्शा के लाभुकों, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न लाभकारी योजनाओं के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत मनिहारी के नये पंचायत सरकार भवन का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और पंचायत सरकार भवन के विभिन्न केंद्रों के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान सीतामढ़ी पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री ने बेलसंड प्रखंड अंतर्गत मधकौल टूटान स्थान का हवाई निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री सह सीतामढ़ी जिला के प्रभारी मंत्री श्री अशोक चौधरी, सांसद श्री देवेश चंद्र ठाकुर, सांसद श्रीमती लवली आनंद, विधायक श्री पंकज मिश्रा, विधायक श्री चेतन आनंद, विधायक श्री अनिल राम, विधायक श्रीमती गायत्री देवी, विधायक श्री मोतीलाल प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, ए0डी0जी0 श्री कुंदन कृष्णन, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री बी0 कार्तिकेय धनजी, सीतामढ़ी जिला के जिलाधिकारी श्री रिची पांडेय, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार तिवारी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******